भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 166 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार,08 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक मंथन , CM भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष ने दिए टीम को दिशा-निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रविवार सुबह नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठन की आगामी रणनीतियों, जनसंपर्क कार्यक्रमों और प्रदेश में विकास की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। नई टीम को दिशा देने और संगठनात्मक ढाँचे को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बैठक में ष्टरू भजनलाल शर्मा ने पदाधिकारियों से कहा कि पारदर्शी शासन, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना पार्टी और सरकार दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनता से जुड़े हर






मुद्दे पर संवेदनशीलता और तत्परता आवश्यक है।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की शक्ति उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रदेशभर में चलने वाले कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने तथा जनता के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर बल दिया। राठौड़ ने कहा कि आने वाले महीनों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इसी क्रम में दोपहर 11:30 बजे कृषि अनुसंधान केंद्र, दुर्गापुरा में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट भी आयोजित हुई। इस सत्र में मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष ने सोशल मीडिया टीम को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने, सटीक जानकारी जनता तक पहुंचाने और दुष्प्रचार का समय रहते जवाब देने की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया।

बैठकों के माध्यम से भाजपा ने स्पष्ट किया कि संगठन विस्तार, सरकारी योजनाओं की पहुंच और डिजिटल सक्रियता उनकी आगामी प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

## मांडल पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 16.92 ग्राम अवैध एमडीए जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए मेथीलीन ड्राईऑक्सी एम्फीटामाईन (एमडीए) बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से कुल 16.92 ग्राम एमडीए बरामद किया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले को लेकर थानाधिकारी रोहिताष्व सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी।

जानकारी के अनुसार घटना बीती 6 दिसंबर की है, जब उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह गश्त के दौरान मांडल तालाब की पाल के नीचे बाईपास एनएच-158 पहुंचे। पुलिस वाहन को देख बिना नंबर की प्लसर मोटरसाइकिल पर बैठे दो युवक बाइक छोड़कर तालाब की पाल की ओर भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम जाहिर खान भोमिया उर्फ जहीर (23) निवासी मांडल और दूसरे ने अलनवाज (18) निवासी उदयपुर बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे अपने पास एमडीए लेकर चल रहे थे, इसलिए पुलिस को देखकर भागे।

पुलिस ने तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से कुल 16.92 ग्राम एमडीए बरामद कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त प्लसर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार्यवाही में थाना मांडल के पुलिसकर्मियों के साथ सीओ सदर टीम का भी विशेष योगदान रहा। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है।

## किरोड़ीलाल मीणा बोले मैं भ्रष्टाचार का नंबर वन दुश्मन... हाथी की चाल चलता हूं, भौंकने वालों से नहीं रुकता





**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा।**

जाटव समाज के महवा में आयोजित विशाल सामाजिक सम्मेलन में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा का भाषण पूरी तरह उनके अंदाज़, बेबाकी और तेज-तर्रार राजनीतिक शैली से भरा रहा। मंच पर आते ही भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया, और किरोड़ीलाल ने भी अपने चिर-परिचित अंदाज़ में बिना किसी लाग-लपेट के कई बड़े बयान दिए।

किरोड़ी ने कहा मैं राजस्थान में भ्रष्टाचार का नंबर वन दुश्मन हूं। कोई भी भ्रष्टाचारी आपको परेशान करे तो मुझे नाम बताना... उसका इलाज करना मेरी जिम्मेदारी है। मीणा ने कहा कि राजनीति में रहते हुए उन्हें रोज गालियां मिलती हैं, मगर इससे उनके काम पर कोई फर्क नहीं पड़ता हाथी के पीछे कुत्ते भौंकते रहते हैं... भौंकने दो। हाथी रुकने वाला नहीं है। मेरी पूंछ भी नहीं पकड़ सकते।

कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी उनके साथ थे। भीड़ द्वारा विकास संबंधी मांगें रखने पर किरोड़ी ने चुटकी लेते हुए कहा अभी तो मैं उप भी नहीं बना हूं... कुछ करने लायक तो बनूं। '

उन्होंने कार्यक्रम में सांसद मुरारी लाल मीणा पर बिना नाम लिए तीखा तंज किया। किरोड़ी बोले एक आदमी को लोकसभा चुनाव 2 लाख 45 हजार वोट से जिताया... लेकिन चुनाव के बाद वो आपके बीच एक बार भी आया हो तो बताओ।

किरोड़ी ने अपनी साफ-सुथरी छवि और 40 साल की राजनीति का जिक्र करते हुए कहा मैं टाटा, बिरला, अंबानी, अडानी नहीं हूं। लेकिन घर वालों ने नाम ही किरोड़ीलाल रख दिया तो 10-20 करोड़ तो हो ही सकते हैं। पर मैंने भ्रष्टाचार से एक रुपये नहीं कमाया।

मीणा ने कहा कि पिछली सरकारों की गलतियों का वे हमेशा विरोध करते आए हैं, और अब सरकार में होने के कारण जनता की सेवा करना उनका दायित्व है। उन्होंने अपने परिवार के प्रति जनता के आशीर्वाद का भी आभार जताया । मीणा बोले 1980 में मैं 16 वोट से चुनाव हार गया था। 1985 में आपने जीत दिलाई। फिर मेरी अंगूठाछाप पत्नी गोलमा देवी को विधायक और मंत्री बना दिया। आपका यह एहसान जीवनभर नहीं भूल सकता।

किरोड़ी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी और प्रेमचंद बैरवा की जिम्मेदारी है, लेकिन लोगों को ढोंग करने वालों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा

'मुझे सबसे ज़्यादा गाली महवा से मिलती है। पर गाली से गूमड़े नहीं होते। मैं सुनता रहता हूं। हाथी चलता रहता है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## 24 घंटे में अपहरण का खुलासाः दो आरोपी गिरफ्तार, अल्टो कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना पुर ने अपहरण और मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। घटना के बाद थानाधिकारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में थाना पुर व डीएसटी भीलवाड़ा की संयुक्त टीम जांच में जुटी हुई थी ।

जानकारी के अनुसार, 4 दिसंबर को शारदा ड्रीम सिटी निवासी सीमा सुथार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति राजू सुथार का 3 दिसंबर की शाम करीब 8 बजे दुकान से सफेद रंग की बिना नंबर की अल्टो कार में आए 3-4 व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद पीड़ित ने फोन पर पत्नी से 5 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मानव सूचना और परंपरागत पुलिसिंग के माध्यम से



तेजी से कार्रवाई करते हुए अपहृत राजू सुथार को बडलियास क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। इसके बाद पुलिस ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी विनोद जाट निवासी दांथल तथा कैलाश नाथ निवासी बडलियास को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की अल्टो कार को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं, जिनमें चोरी, मारपीट, दुर्घटना, एमएमडीआर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मामले शामिल हैं।

## डॉ. प्रवीण तोगड़िया आज बिजौलिया में करेंगे प्रवास

### 'हिंदुत्व की हुंकार' धर्मसभा को करेंगे संबोधित, किसानों से भी करेंगे संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**प्रमेन्द्र ।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ. प्रवीण तोगड़िया सोमवार को बिजौलिया के दौरे पर पहुंचेंगे। चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने बताया कि तोगड़िया 8 दिसंबर, सोमवार शाम 7 बजे पंचायत चौक में आयोजित 'हिंदुत्व की हुंकार' धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व वे श्री जोगणिया माता मंदिर में दर्शन कर प्रबंध कमेटी से भी मुलाकात करेंगे।

रात्रि विश्राम वे छोटी बिजौलिया में करेंगे, जहां मंगलवार सुबह आयोजित किसान संगोष्ठी में किसानों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार वे बिजौलिया में डॉ. मेहर के निवास पर विशिष्ट जनों से



मुलाकात करेंगे तथा बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इसके बाद देव डूंगरी पर गुर्जर समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेने के बाद तोगड़िया लगभग सुबह 11 बजे कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कृषि फार्म में लाखों के हरे पेड़ों की अवैध कटाई का आरोप, कृषि मंत्री तक पहुँची शिकायत



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र के कल्याणपुरा स्थित राजस्थान स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के कृषि फार्म में बड़े पैमाने पर हरे वृक्षों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाखों रुपये मूल्य के बबूल, नीम, शीशम सहित करीब 218 पेड़ों को रातों-रात काटकर बेच दिया गया, साथ ही फार्म की भूमि पर कई अनियमितताएँ भी की गई हैं। इस संबंध में कृषि फार्म के पूर्व ठेकेदार लव जिंदल ने कृषि मंत्री को शिकायत भेजकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

लव जिंदल द्वारा भेजी शिकायत में बताया गया है कि बीज निगम, भीलवाड़ा की अधीनस्थ कृषि भूमि मांडलगढ़ के कल्याणपुरा में स्थित है। यह भूमि 20 जून 2024 से 20 जून 2027 तक के लिए गोपालपुरा निवासी छीतरलाल जाट को लीज पर आवंटित है, जहाँ किसान फसल बीज उत्पादन करते हैं और बीज निगम उनकी उपज को खरीदता है। शिकायत में बताया गया है कि 15 मई की रात लीजधारक छीतरलाल जाट ने कथित रूप से विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कृषि फार्म के लगभग 218 हरे पेड़ कटवा दिए और उन्हें भारी राशि में बेच दिया। पेड़ों के अवशेषों को भी जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया, जिससे भूमि का स्वरूप बिगड़ गया और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँचा।

जिंदल ने बताया कि लीज आवंटन के समय कृषि विभाग ने ड्रोन कैमरे से पूरे कृषि क्षेत्र की वीडियोग्राफी करवाई थी, जिसमें सभी पेड़, पौधे और संरचनाओं का रिकॉर्ड सुरक्षित है। इसके बावजूद बीज निगम अधिकारियों ने बार-बार की गई शिकायतों पर कार्रवाई न करते हुए मामले को दबाने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया। साथ ही आरोप है कि लीजधारक ने नियमों का उल्लंघन करते हुए कृषि फार्म को भंवरलाल नामक किसान को अवैध रूप से सबलेट भी कर रखा है।

शिकायत प्राप्त होने के बाद कृषि विभाग, जयपुर के शासन उप सचिव नवरत्न कोली ने प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य बीज निगम लिमिटेड, जयपुर को तथ्यात्मक जांच के आदेश जारी किए हैं तथा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है।

वहीं, दूसरी ओर भीलवाड़ा बीज निगम के अधिकारियों ने लव जिंदल के आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से इनकार किया है।

## 21 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, ट्रक से पकड़ा गया आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद :**

जिले की स्पेशल टीम को 21 वर्ष से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। लम्बे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे शंकर पुत्र बालू जाट को आखिरकार चित्तौड़ रोड पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए चित्तौड़ रोड पर एक ट्रक से आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। शंकर पिछले 21 वर्षों से



मारपीट के तीन अलग-अलग प्रकरणों में स्थायी वारंटी के रूप में पुलिस सूची में दर्ज था और लगातार स्थान बदलकर कानून से बचने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने स्थायी वारंटी शंकर को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए।

## फुटकर कपड़ा विक्रेताओं ने सड़क पर जलाए कपड़े, व्यापारी बैठे धरने पर , समझाइश के बाद मामला हुआ शांत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के मेन मार्केट में रविवार को फुटकर कपड़ा विक्रेताओं और दुकानदारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क किनारे कपड़ा बेचने वालों ने बीच सड़क अपने कपड़ों में आग लगाकर विरोध जताया, वहीं व्यापारी सड़क पर बैठकर जाम लगाने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस व नगर निगम की टीम को हस्तक्षेप करना पड़ा और समझाइश कर मामला शांत करवाया।

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड की है, जहां वर्षों से हर रविवार पुराने कपड़ों की फुटकर दुकानें लगाई जाती हैं। बंद दुकानों के बाहर बैठकर ये लोग अपना व्यापार करते आ रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय में इनकी संख्या बढ़ने से खुले दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण फैलने लगा है। इससे व्यापारियों की दुकानदारी प्रभावित होने लगी, जिसके चलते विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई ।

व्यापारियों ने कहा कि पुराने कपड़े बेचने वालों से उन्हें व्यापार करने में कठिनाई हो रही है। ग्राहकों के लिए दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि उन्हें इन लोगों की दुकान लगाने से कोई आपत्ति नहीं है, परंतु अतिक्रमण करके दुकान के मेन गेट और बाजार को बाधित करना गलत है।

वहीं सड़क किनारे कपड़ा बेचने वालों का कहना था कि वे सप्ताह में सिर्फ रविवार को ही दुकान लगाते हैं, फिर भी व्यापारियों को आपत्ति है। उनका कहना है कि यदि वे कपड़ों को सजाकर नहीं रखेंगे तो ग्राहक कैसे आकर्षित होंगे? इसी नाराजगी में उन्होंने विरोध स्वरूप अपने कपड़ों पर आग लगा दी।

विवाद बढ़ने पर व्यापारी भी सड़क पर बैठकर धरने पर बैठ गए, जिससे बाजार में जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और नगर निगम की टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर शांत किया।अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी।

# बजरी माफियाओं के खिलाफ जनाक्रोश : बनास बचाओ आंदोलन 42वें दिन भी जारी, आज निकलेगी ट्रैक्टर रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में बनास नदी को बचाने की मांग को लेकर चल रहा 'बनास बचाओ आंदोलन' रविवार को 42वें दिन भी जारी रहा। लगातार मांगों की अनसुनी से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, और अब आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। सोमवार को आंदोलन के 43वें दिन बजरी माफियाओं के खिलाफ बड़ी ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी, जिसमें ग्रामीणों



के साथ आरएलपी कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार दोपहर 12 बजे आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के निर्देश पर कई प्रमुख नेता धरना स्थल पर पहुंचेंगे। इनमें पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभाती लाल जाट, पूर्व मंत्री एवं जेतारण के पूर्व विधायक दिलीप चौधरी, टोंक के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना तथा पाली के पूर्व जिलाध्यक्ष माधुराम चौधरी शामिल हैं। नेता रैली को संबोधित करने के बाद नदी क्षेत्र की ओर कूच करेंगे। रविवार को 42 दिन पूरे होने पर भी प्रशासन द्वारा कोई समाधान नहीं दिए जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप धारण कर सकता है।

# शिक्षक पर नकाबपोशों का हमला, स्कूल से लौट रहे व्याख्याता को बीच सड़क बेसबॉल स्टिक से मारा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में अपराधियों के बेखौफ होते मिजाज का एक और मामला सामने आया है। शनिवार शाम सरकारी स्कूल के गणित व्याख्याता पर दो नकाबपोश बदमाशों ने बीच सड़क पर हमला कर दिया। घटना ने न केवल शिक्षा जगत को चिंता में डाल दिया है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, दांथल के गणित व्याख्याता गोपाल अग्रवाल के साथ हुई। जानकारी के अनुसार, वे रोज की तरह स्कूटी से भीलवाड़ा लौट रहे थे। स्कूल से लगभग 500 मीटर आगे ही पीछे से आई एक बाइक ने उन्हें ओवरटेक किया और पीछे बैठे युवक ने बेसबॉल स्टिक से जोरदार वार कर दिया। वार कंधे और पीठ पर लगा। हमला करते ही दोनों युवक बिना रुके बाइक दौड़ाते हुए फरार हो गए।



पीछे बैठे युवक ने क्रीम रंग की हाफ टी-शर्ट पहन रखी थी और बाइक सामान्य थी। हमले की शैली और समय को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि यह वारदात पूरी योजना बनाकर की गई है।

पीड़ित व्याख्याता गोपाल अग्रवाल ने कहा कि वे प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं और इस घटना के बाद उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर भय सताने लगा है। अग्रवाल ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है और पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बस स्टैंड पर टैंकर की चपेट में आने से 17 वर्षीय युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**

नेशनल हाईवे 758 पर रविवार को हुए हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गुरला बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

कारोई थाना अधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि मृतक की पहचान गुरला निवासी चेतन पुत्र नारायण कहार (17) के रूप में हुई है। युवक सड़क पार कर रहा था तभी अचानक एक टैंकर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही कारोई पुलिस, हाईवे पेट्रोलियम टीम के अधिकारी सेंटु खारोल,



डॉ. अरुण नायर, मदनलाल गुर्जर और संजय खान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा टैंकर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर खुलवाया और यातायात को सुचारू कराया।

# बनास पुलिया पर सुसाइड का ड्रामा करने वाला भीलवाड़ा का युवक अजमेर स्टेशन से जिंदा मिला

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** बनास नदी पुलिया पर सुसाइड नोट और मोटरसाइकिल छोड़कर आत्महत्या का नाटक रचने वाला युवक रामलाल उर्फ कालूराम आखिरकार जीवित मिल गया। तीन दिन तक पुलिस और एसडीआरएफ टीमों को खोजबीन में उलझाने वाले इस युवक को अजमेर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने पकड़ लिया। टेक्निकल इनपुट और मुखबिर सूचना से मामले का खुलासा हुआ।


जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे-26 स्थित बनास नदी पुलिया पर पुलिस




को एक सुसाइड नोट, तीन आधार कार्ड की फोटोकॉपी, एक पासपोर्ट साइज फोटो और मोटरसाइकिल मिली थी। दस्तावेजों के आधार पर युवक की पहचान रामलाल पुत्र धन्ना रेगर, निवासी भीमपुरा भीलवाड़ा के रूप में हुई। अंधेरा होने के कारण पहले दिन तलाश संभव नहीं हो सकी। अगले तीन दिनों तक एसडीआरएफ की दो टीमें नदी में लगातार सर्च करती रहीं, लेकिन कोई शव नहीं मिला।

जांच के दौरान पता चला कि रामलाल के खिलाफ थाना जहाजपुर में बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों वाला प्रकरण दर्ज है। इससे पुलिस को शक हुआ कि मामला आत्महत्या नहीं बल्कि फरारी का तरीका हो सकता है। 6 दिसंबर को तकनीकी इनपुट मिला कि युवक दिल्ली-साबरमती आश्रम एक्सप्रेस में सफर कर रहा है। जानकारी मिलने पर सावर थाना पुलिस अजमेर पहुंची और जीआरपी की मदद से रेलवे स्टेशन पर युवक को डिटेन कर लिया।

पूछताछ में रामलाल ने कबूल किया कि बलात्कार मुकदमे के डर से उसने आत्महत्या का नाटक किया ताकि पुलिस उसे मृत समझकर तलाश बंद कर दे। पुलिस ने उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दे दी है।



## QUICK BITES

### युवा शक्ति क्लब ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**सर्दी से बचाव एवं स्वच्छता को लेकर किया जागरूक**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवारी।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब की ओर से देवनारायण मंदिर परिसर में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी जगदीश बिल्लू ने बच्चों को ठंड से बचाव संबंधी उपयोगी जानकारियाँ दीं। वहीं क्लब सदस्य सुनील खटीक एवं गौरव शर्मा ने व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को स्वच्छ रहने की आदत अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही नरेश सिंह तंवर और सुरेश रैगर ने सामुदायिक स्वच्छता तथा साफ-सुथरे वातावरण से होने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में भगत तथा भील बस्ती की मैना, काली, दुर्गा, राधा, ज्योति, नीलू सहित अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

### बिजोलिया पुलिस थाने में छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण, पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में ली जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस की कार्य प्रणाली, कानून व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

थाने में कांस्टेबल संगीता ने बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, आत्मरक्षा, दहेज प्रथा, वाहन सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों, हवालात व्यवस्था तथा सुरक्षित ऐप के उपयोग सहित विभिन्न कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। संगीता ने छात्राओं को बताया कि किसी भी आपात या संवेदनशील स्थिति में पुलिस उनकी पहली मददगार होती है।

इस शैक्षणिक भ्रमण से बालिकाओं में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोगात्मक भावनाओं का विकास हुआ।

विद्यालय प्रशासन की ओर से अनिल, रामसिंह और रवि ने भी छात्राओं को आश्वस्त किया कि वे किसी भी परिस्थिति में निःसंकोच पुलिस से सहायता ले सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल पायल लुनिवाल, केजीबीवी सचिव राजेश कुमार, वार्डन अनीता धाकड़, देव धाकड़ तथा हस्त्रक्क पखं परियोजना से निशा राठौड़ सहित विद्यालय की सभी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
• समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
• निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
• डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सिस्टम की नाकामी का प्रतीक बनी खामोर-अमरतीया सड़क

## 8 साल से गड्ढों में जनता, फिर भी जिम्मेदार खामोश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



क्षेत्र एवं आसींद विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाला खामोर-अमरतीया-रामपुरा मार्ग आज सरकारी सिस्टम की सबसे बड़ी असफलता का जिंदा उदाहरण बन गया है। हिंदुस्तान जिंक से जुड़े सैकड़ों गांवों और किसानों को बिजयनगर कृषि मंडी से जोड़ने वाला यह मार्ग करीब 3 किलोमीटर लंबा है, जिसमें आधा हिस्सा गुलाबपुरा पीडब्ल्यूडी और आधा शाहपुरा पीडब्ल्यूडी क्षेत्र में आता है।

पिछले आठ वर्षों से सड़क पूरी तरह जर्जर है, और आमजन रोजाना गड्ढों से भरे इस मार्ग पर जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं।

वर्ष 2016 में राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड, अजमेर द्वारा अमरतिया-रामपुरा मिसिंग लिंक रोड के लिए 98 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई थी। इसके बाद 52 लाख रुपए का कार्यादेश जारी हुआ और फरवरी 2017 में सड़क को दस्तावेजों में 'पूर्ण' घोषित कर दिया गया। ठेकेदार को तीन वर्ष का रखरखाव भी सौंपा गया था, लेकिन सड़क छह माह भी नहीं टिक सकी। जगह-जगह परत उखड़ने लगी, गड्ढे बन गए और सड़क धंसने लगी। न तो रखरखाव किया गया, न मरम्मत, न कोई गुणवत्ता जांच हुई। शिकायतें उठती रहीं, लेकिन कार्रवाई हर बार कागजों में सिमटकर रह गई।

इस दौरान पूर्व विधायक कैलाश मेघवाल का कार्यकाल समाप्त हुआ और वर्तमान विधायक लालाराम बैरवा के दो साल भी बीत चुके हैं, पर सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। चुनाव आने पर वादे होते हैं, काफिले इसी मार्ग से गुजरते हैं, पर चुनाव खत्म होते ही मार्ग फिर उपेक्षा की भेंट चढ़ जाता है।

जर्जर सड़क अब लोगों की मजबूरी बन चुकी है। विजयनगर मंडी और गुलाबपुरा के लिए सिर्फ दो टैक्सियां इसी टूटे मार्ग से चलती हैं। किसान अपनी फसल मंडी तक इसी रास्ते से ले जाने पर विवश हैं। मजदूर हिंदुस्तान जिंक जाने के लिए जोखिम उठाते हैं, जबकि स्कूली बच्चे और बुजुर्ग रोज हादसों के डर के साथ सफर करते हैं। बारिश में गड्ढे खतरनाक हो जाते हैं और रात में मोड़ अंतिम क्षण में दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

पीडब्ल्यूडी द्वारा कई बार डीएमएफटी से पुनर्निर्माण के प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन हर बार स्वीकृति अटक गई। फाइलें एक मेज से दूसरी मेज तक घूमती रहीं और जनता पिछले आठ वर्षों से धक्के खाती रही।

98 लाख की स्वीकृति, 52 लाख का भुगतान, तीन साल का रखरखाव अनुबंध, दो विधायकों के कार्यकाल, और आठ साल का इंतजार... फिर भी सड़क नहीं बनी।

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग का पुनर्निर्माण तत्काल स्वीकृत कर कार्य शुरू किया जाए, ताकि वर्षों से त्रस्त जनता को राहत मिल सके।

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) भीलवाड़ा की जिला कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई

## राजेंद्र कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष एवं महेश मंडोवरा जिला मंत्री निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला शाखा भीलवाड़ा की जिला कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप नगर में संपन्न हुए, जहां सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिला चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश सह-संगठन महामंत्री प्रेमशंकर जोशी ने बताया कि संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार शर्मा तथा जिला मंत्री पद पर महेश मंडोवरा निर्विरोध चुने गए। सहायक चुनाव अधिकारी भारती झा के अनुसार चुनाव प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में शांतिपूर्वक संपन्न हुए।

नई कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष लीलाधर तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष राजीव पिल्लई, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, महिला मंत्री नीलम सिन्हा, उप सभाध्यक्ष अनिल कुमार आसोपा, महिला उप सभाध्यक्ष सुमनलता उपाध्याय, उपाध्यक्ष प्रारंभिक शिक्षा सुमित कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा अजय कुमार जैन, उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा विनोद कुमार शर्मा, महिला उपाध्यक्ष परिधि सैनी, महिला संगठन मंत्री वीणा शर्मा, संयुक्त मंत्री वीरेंद्र चतुर्वेदी, संगठन मंत्री ओम प्रकाश भांभी, ऑडिटर योगेंद्र जैन, कार्यालय मंत्री सुरेंद्र सिंह राजपूत, महिला संयुक्त मंत्री सारिका चतुर्वेदी तथा प्रवक्ता राजेश कुमार शर्मा निर्वाचित हुए।

सदस्यों में प्रधानाचार्य रमाकांत तिवारी, उप प्राचार्य जगदीश जीनगर, व्याख्याता शिवराज झंवर, वरिष्ठ अध्यापक सत्यनारायण खटीक, प्रारंभिक शिक्षा नरेंद्र कुमार टेलर, प्रबोधक नारायण बिश्नोई, महिला शिक्षा आशा डीडवानिया, शारीरिक शिक्षा सरोज व्यास और सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यनारायण ओझा शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में नीलम अग्रवाल, प्रीति जैन, इंसाफ मोहम्मद, घनश्याम खटीक, मधुबाला शर्मा, रमा तिवारी और मोहसिन अली काजी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

चुनाव बाद प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा एवं चुनाव अधिकारी प्रेमशंकर जोशी ने नई कार्यकारिणी को पद एवं संगठन के विधान की शपथ दिलाई और शिक्षकों के हित में कार्य करने का आह्वान किया।

# आकोला में बनास नदी किनारे खड़े ट्रैक्टर में देर रात लगी आग

## ट्रैक्टर मालिक ने अज्ञात कारणों, शॉर्ट सर्किट व धरना दे रहे लोगों पर जताई शंका; पुलिस ने जांच शुरू की

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के आकोला गांव के पास बनास नदी में लीज धारक के कांटे पर खड़े एक ट्रैक्टर में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग लगने के कारणों को लेकर ट्रैक्टर मालिक ने अज्ञात कारणों, शॉर्ट सर्किट सहित चांदगढ़ धरना दे रहे लोगों पर भी शंका जाहिर की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि बंशी पुत्र नारायण गुर्जर निवासी ईंदोका की झोंपड़ियां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रैक्टर पिछले डेढ़ माह से आकोला बनास नदी में महादेव एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड की लीज पर बजरी परिवहन में कार्यरत है। ट्रैक्टर दिन में लीज स्टॉक पर चलता है और रात को नदी किनारे कांटे पर खड़ा किया जाता है।

बंशी गुर्जर के अनुसार, 6 दिसंबर शनिवार रात करीब 8 बजे वह रोज की तरह ट्रैक्टर को लीज के कांटे पर दूसरे ट्रैक्टर के पास खड़ा करके घर चला गया था। रविवार सुबह करीब 7 बजे सूचना मिली कि ट्रैक्टर में आग लग गई है। मौके पर पहुंचकर देखा तो ट्रैक्टर का इंजन व शोफ पूरी तरह जल चुके थे। आग से लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

मालिक ने कहा कि आग अज्ञात कारणों या शॉर्ट सर्किट से लग सकती है, साथ ही उसने चांदगढ़ में चल रहे धरना दे रहे लोगों पर भी संदेह जताया है। घटना के बाद क्षेत्र में लीज पर चलने वाले ट्रैक्टर मालिकों में आक्रोश व्याप्त है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# चावंडिया को मिला विकास का बड़ा तोहफ़ा

## विधायक गोपीचंद मीणा ने किया 'आदर्श ग्राम' घोषित, 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।**



पक्षी ग्राम चावंडिया को विधायक गोपीचंद मीणा ने 'आदर्श ग्राम' घोषित करते हुए इसके समग्र विकास के लिए 2 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। जयपुर में हुई प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बाद इस घोषणा से गांव में हर्ष का माहौल है । ग्रामीणों ने बताया की स्वीकृत राशि से गांव में मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना के विकास को गति मिलेगी। इसी क्रम में कन्हैयालाल जाट के विशेष आग्रह पर विधायक मीणा ने चावंडिया से ग्राम पंचायत सातोला का खेड़ा स्थित सोमसीयास गांव तक सड़क निर्माण को शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही शमशान भूमि तक आगे के मार्ग का निर्माण कार्य आगामी बजट में शामिल करने की भी घोषणा की गई।

विधायक मीणा ने कहा कि यह विकास यात्रा का प्रारंभ है और अगले तीन वर्षों में चावंडिया में कई बड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे, जिससे गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित हो सके।

गांववासियों ने इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए विधायक गोपीचंद मीणा का आभार व्यक्त किया।

# विश्व मंच पर सवाईपुर की गूंज , 9 वर्षीय युवांश ने अमेरिका में जीता रोबोट परफॉर्मेंस अवॉर्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। कस्बे के लिए गर्व का क्षण तब बना, जब गांव का 9 वर्षीय युवांश सोमानी संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंट लुइस में आयोजित प्रतिष्ठित रोबोटिक्स प्रतियोगिता फर्स्ट लोगो लीग क्वालीफायर में अपनी टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए रोबोट परफॉर्मेंस अवॉर्ड जीतने में सफल रहा। टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर आगामी 17 जनवरी को होने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। इस उपलब्धि ने न केवल परिवार और स्कूल, बल्कि पूरे सवाईपुर और भीलवाड़ा का नाम गौरवान्वित किया है।

सेंट लुइस के बैट्टी व्हीलर क्लासिकल जूनियर अकादमी की टीम, जिसका आधिकारिक नाम टीम 57925 टेक्नो टाइगर्स है, ने पूर्वी मिसौरी क्षेत्र के 14 जिला सरकारी स्कूलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की।




इस प्रतिभाशाली टीम की कमान जिस दो नन्हे भारतीय-मूल के छात्रों ने संभाली, उनमें सवाईपुर-भीलवाड़ा के युवांश सोमानी (कक्षा 4) और महाराष्ट्र की आराध्या खोट शामिल हैं। युवांश, जो विकास सोमानी और सौम्या अग्रवाल के पुत्र हैं, ने रोबोट के डिजाइन व प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवांश के माता-पिता मूल रूप से भीलवाड़ा निवासी हैं और वर्तमान में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में सीनियर साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत



हैं। उनकी उपलब्धि पर अमेरिका में भारतीय समुदाय ने भी गर्व व्यक्त किया है, क्योंकि टीम अब मिसौरी की सर्वश्रेष्ठ रोबोटिक्स टीमों के खिलाफ अंतिम मुकाबले की तैयारी में जुटी है।

**अमेरिकी सरकारी स्कूलों की सुविधाएँ बनीं सफलता की सीढ़ी**

युवांश ने अपने दादा शंकरलाल सोमानी से बातचीत में अमेरिकी सरकारी स्कूलों की आधुनिक और उन्नत शिक्षा प्रणाली का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि यहां कक्षा 3 से ही बच्चों को कंप्यूटर कौशल सिखाए जाते हैं और साथ ही बास्केटबॉल व सॉकर जैसी खेल टीमों में शामिल होने का अवसर मिलता है। सबसे बड़ी बात अमेरिका में हर बच्चे को एक व्यक्तिगत आईपैड उपलब्ध कराया जाता है, जिससे तकनीक सीखना और उपयोग करना बेहद आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि 6 साल की उम्र से ही तकनीक से जुड़ना सीखने को रोचक और प्रभावी बना देता है।' युवांश के परिवार का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा में उपलब्ध ये उन्नत संसाधन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि देश के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में भी ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाओं और तकनीकी संसाधनों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भारतीय बच्चे भी कम उम्र से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।

# प्रेस सोसायटी भीलवाड़ा में नई टीम का गठन, वरिष्ठ पत्रकारों को मिली अहम जिम्मेदारी

## शहजाद खान महासचिव ,कोषाध्यक्ष सत्यदेव सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी (रजि.) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विश्वनाथ पाराशर ने संरक्षक मंडल एवं सलाहकार परिषद से विचार-विमर्श के बाद अपनी दो वर्षीय नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नई टीम में वरिष्ठता, अनुभव और संगठनात्मक सुदृढ़ता को प्राथमिकता देते हुए कई वरिष्ठ पत्रकारों को जिम्मेदार भूमिकाएँ सौंपी गई हैं।

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार अमिताभ जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं लेखक डॉ. दीप्ति धारीवाल, वरिष्ठ पत्रकार



शिवकुमार शर्मा, बृजेश शर्मा, महेश जोशी, कपिल कुमार शर्मा तथा डॉ. अशोक सोडाणी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। शहजाद खान को महासचिव और सत्यदेव पाराशर को कोषाध्यक्ष का



दायित्व सौंपा गया है। सोसायटी को अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने हेतु सुभाष माथुर, अंकुर पारीक, दयाराम दिव्य और महेश भारद्वाज को सचिव बनाया गया है। सुरेश डोरिया को सहसचिव तथा मोहम्मद शमशाद खान को प्रचार सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यकारिणी में अनिल जोशी, राकेश सोनी, करण सिंह गोखरू, राजेंद्र सिंह हाड़ा तथा शब्बीर खां पठान को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

अध्यक्ष पाराशर ने बताया कि कार्यकारिणी की पहली बैठक में सभी सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र, आई-कार्ड, वी-कार्ड एवं वाहन स्टिकर जारी किए जाएंगे। साथ ही द्वितीय चरण में तहसील स्तर पर प्रेस सोसायटी का विस्तार करते हुए नई इकाइयों का गठन किया जाएगा।

# काछोला थाने के नए थाना प्रभारी मालीराम का ग्रामीणों ने किया स्वागत, कानून-व्यवस्था मजबूत करने का भरोसा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

थाना क्षेत्र में हाल ही में हुए पुलिस फेरबदल के तहत मालीराम ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सीएलजी सदस्यों ने थाने पहुंचकर उनका स्वागत किया और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ रही समस्याओं, अवैध गतिविधियों, ट्रैफिक व्यवस्था तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और उम्मीद जताई कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।



थाना प्रभारी मालीराम ने आश्वस्त किया कि काछोला क्षेत्र की शांति और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस गश्त को बढ़ाया जाएगा और अवैध बजरी खनन, अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गांव-गांव में पुलिस ग्रामीण संवाद को और मजबूत किया जाएगा ताकि हर व्यक्ति बिना झिझक अपनी समस्या पुलिस तक पहुँचा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस कानून-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सहायक निरीक्षक बालकिशन शर्मा, ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, सार्वजनिक धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह , काछोला सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, सरथल्ला सरपंच ब्रह्मा लाल कंजर, हेमेंद्र सिंह सोलंकी, निहाल सिंह, विजयराज सोनी, भगवान मंत्री, महेंद्र कंजर, कालू लाल कहार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लावारिस 21 जनों की अस्थियां गंगाजी में की विसर्जित

## मसानिया भैरुनाथ मंदिर के पुजारी व साथी युवाओं का मानवीयता का बड़ा संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित प्राचीन श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी व साथी युवाओं ने समाजसेवा की अनोखी मिसाल पेश करते हुए लावारिस 21 जनों की अस्थियां पंडित अशोक व्यास व टीम द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गंगाजी में विसर्जित की ताकि दिवंगत आत्माओं को मोक्ष की प्राप्ति हो सके। मंदिर



समिति के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि शहर में कई लावारिस शवों का अंतिम संस्कार तो हो जाता है, लेकिन बाद में उनके अस्थि-कलश लेने वाला कोई नहीं आता। ऐसे में अस्थियां इधर-उधर पड़ी रहती हैं, जिनका विसर्जन न होने से धार्मिक परंपरा अधूरी रह जाती है। इस पीड़ा को समझते हुए युवाओं ने अस्थि विसर्जन का जिम्मा उठाया है। श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने कहा कि विद्वान पंडितो के सहयोग से विधि-विधान से अस्थि विसर्जन संपन्न कराया। युवाओं के इस समूह द्वारा वर्ष 2018 से अब तक 821 अस्थि-कलशों का गंगाजी में विसर्जन किया जा चुका है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा, ताकि कोई भी दिवंगत आत्मा उपेक्षा का शिकार न बने और उसकी अंतिम विधियां पूर्ण सम्मान के साथ पूरी की जा सकें।

## QUICK BITES

# सांवरिया सेठ नौगांवा को लगाया छप्पन भोग, गाए भजन, हुए दिव्य दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

(पंकज पोरवाल) श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा की ओर से रविवार को भगवान सांवरिया सेठ का भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौके पर भगवान को बालचंद लव कुश काबरा की ओर से छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया भगवान का श्रृंगार पंडित दीपक आनंद पाराशर एवं पंडित प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर एक से बढ़कर एक सांवलिया सेठ के भजन पेश किए गए। सांवरिया सेठ दे दे नौगांवा का मालिक दे दे भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि 21 दिसंबर को भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। मेवाड़ प्रसिद्ध गुंजन साउंड रायला के गायक कलाकार सत्तू भाई एक से बढ़कर एक भजन पेश करेंगे। भगवान को पोष बड़े दाल ढोकले का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। 26 मार्च को मंदिर परिसर में जोधपुर के गवर्नमेंट श्री राधा कृष्ण महाराज के श्री मुख से भागवत कथा होगी जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। सांवरिया सेठ मंदिर में छप्पन भोग के बाद राकेश काबरा और सारिका काबरा ने अपनी 25वीं विवाह वर्षगांठ और जन्मदिन को एक यादगार और सार्थक रूप दिया। उन्होंने किसी भव्य समारोह के बजाय, माधव गोशाला में गौ माता के बीच यह शुभ दिन मनाया। इस अनोखे उत्सव का महत्व यह है कि, भौतिक खुशियों से परे हटकर, काबरा दंपति ने गौ सेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने गोशाला में गायों को चारा खिलाया, उनकी सेवा की और इस तरह प्रकृति एवं परोपकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



# सवाईपुर में डॉ. प्रवीण तोगड़िया का आगमन आज, भव्य स्वागत की तैयारियाँ पूर्ण

## विभिन्न स्थानों पर होगा स्वागत, सभा को करेंगे संबोधित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया सोमवार को सवाईपुर आएंगे। उनके आगमन को लेकर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार साहू के नेतृत्व में स्वागत की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। जिला अध्यक्ष साहू ने बताया कि डॉ. तोगड़िया दोपहर 2:15 बजे सवाईपुर पहुंचेंगे। इससे पूर्व उनका स्वागत दोपहर 1 बजे ढेलाणा चौराहे पर किया जाएगा। यहां से वे निजी होटल के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद मुख्य चौराया, तेजाजी चौक होते हुए जिला अध्यक्ष साहू के निवास स्थान पर पहुंचेंगे, जहाँ वे सभा को संबोधित करेंगे। उनके सम्मान में भोजन एवं विश्राम का भी कार्यक्रम रहेगा, जिसमें संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सुबह 8:15 बजे 'हरी बोल' प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों की प्रभात फेरी मंडलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में आगमन को लेकर धार्मिक उत्साह और स्वागत की उमंग देखने को मिल रही है।



# सत्यनारायण आचार्य राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

राजेन्द्र बबलू पोखरना । अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ, जयपुर की अनुशंसा पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने कोटड़ी के सत्यनारायण आचार्य को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के आचार्य समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाजजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया और आचार्य को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं सक्रिय होगा।



'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।